UTTARAKHAND

*कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,*
*प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत*

उत्तराखण्ड शासन

***Ph. No. 05966-220679***
***Fax No. 05966-220679***

***E-mail –*** ***eepdrani@yahoo.com***

पत्रांक 1254/36सी

दिनांक रानीखेत जुलाई 25,2020.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग,
अल्मोड़ा।

विषय :— **जनपद अल्मोड़ा में शहीद हरि सिंह मोटर मार्ग तौलबुधानी से रतखाल तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.52 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव संख्या—FP/UK/ROAD/21140/2016)।**

सन्दर्भ :— **भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक 08बी./यू.सी.पी./06/118/2018/एफ.सी./475 दिनांक 29.06.2020।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि शहीद हरि सिंह के गांव तौलबुधानी को रतखाल बाजार से जोडे जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत 6.00 किमी. लम्बाई में मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में वास्तविक लम्बाई 5.650 किमी. हेतु यह प्रस्ताव गठित किया गया है, जिससे ग्राम तौलबुधानी, कनकोट, बावड़ी किचार, भैसोड़ा आदि मुख्य बाजार रतखाल से जुड़ जायेंगे। केवल तौलबुधानी को रतखाल से जोड़े जाने पर अन्य ग्राम के ग्रामवासियों को मुख्य बाजार रतखाल जाने हेतु दूसरी तरफ से लगभग 22.00 किमी. अतिरिक्त दूरी तय करनी होगी, जबकि स्वीकृति लम्बाई के अन्तर्गत ही उक्त ग्राम दोनो तरफ से जुड जायेंगे। क्षेत्रावासियों की सुविधा हेतु इस प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण आवश्यक है।

अतः उक्त मोटर मार्ग की वन भूमि की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

(ललित कुमार गोयल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
रानीखेत।

पत्रांक /36सी. तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता(तृतीय), प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
रानीखेत।